कार्यालय नगर पालिका परिषद, जौनपुर

पत्रांक–1234 /दो–कर/2023–24 दिनांक–30/09/2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद जौनपुर में पी0एम0 स्वनिधि योजना के अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Profiling Of PM Svanidhi Beneficiaries) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु कार्य में दक्ष संस्था/फर्मो से ऑफलाईन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शायें गये कार्य हेतु निविदायें दिनांक 09.10.2023 को अपरान्ह 01:00 बजे तक नगर पालिका परिषद जौनपुर में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 09.10.2023 को अपरान्ह 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी, जिसके निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 07.10.2023 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर दें। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तो एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	कार्य/सामग्री का नाम	धनराशि जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि 2%	निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित	अवधि
1	पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनाओं के सर्वे कार्य। IEC Activities like installation of hordings banners etc. Mobilization of vendors. Imparting of Training to data Collectors. Payment to data Collectors. Local Transport. Any other Expenditure related to the programme.	989000=00	19780=00	989+178+500 =1667.00	01 वर्ष या कार्य पूर्ण होने तक

निविदा हेतु शर्ते:–

1– सशर्त/कटिंग/ओवरराईटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरस्त समझी जायेगी।

2– 10 रू के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाता का न तो कोई अपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है।

3– उपरोक्त कार्य को कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुभव अनिवार्य होना चाहिए।

4— साथ उपरोक्त कार्य हेतु 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि, एन0सी0सी0/ एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर के पक्ष में बन्धक होगा, को संलग्न करना अनिवार्य है। न्यूनतम निविदादाता के निविदा स्वीकृत होने पर।

5— अनुबन्ध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर देय होगा।

6— निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकारी अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को होगा।

7— भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा।

8— बिल से नियमानुसार करों आदि की कटौती की जायेगी।

9— शासन/निदेशालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जौनपुर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, जौनपुर।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1—जिलाधिकारी महोदय जौनपुर।

2—अपर जिलाधिकारी/प्र0अ0 स्थानीय निकाय जौनपुर।

3—सम्पादक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला/तेजस टूडें को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सार्वजनिक सूचना को अपने आगामी अंक पत्र में शासकीय दरों पर कम से कम स्थान में प्रकाशित कराने का कष्ट करें एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 5 प्रतियों सहित देयक बिल भुगतान हेतु पालिका को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4—शुभम कन्नौजिया कम्प्यूटर ऑपरेटर को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को नगर पालिका की वेबसाईट http://nppjaunpuronline.org पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

5—कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जौनपुर।